## कार्यालय–प्रक्षेत्र प्रबन्धक,राजकीय पषुधन एवं कृषि प्रक्षेत्र, नीलगांव–सीतापुर

पत्रांकः– 503 / मत्स्य पालन–तालाब ठेका पत्रा0 / 2023–24 / नीलगाँव / दिनांक 18.07.2023

### अति–अल्पकालीन निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि राजकीय पषुधन एवं कृषि प्रक्षेत्र नीलगांव, सीतापुर जो लखनऊ से सीतापुर राजमार्ग पर स्थित अटरिया से 13 कि0मी0 तथा सिधौली से 18 कि0मी0 की दूरी पर अटरिया लालपुर रोड़ पर स्थित है। प्रक्षेत्र पर 20 छोटे बड़े तालाबों को 05 वर्षों के लिए मत्स्य पालन हेतु किराये पर देने के लिए निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म 10.08.2023 से 15.08.2023 तक राजकीय पषुधन एवं कृषि प्रक्षेत्र नीलगांव, सीतापुर से रू0 200.00 (दो सौ रूपये मात्र) व नियमानुसार जी0एस0टी0 नगद जमा कराकर दिन के प्रातः 10:00 बजे से सायं 05.00 बजे तक कार्यालय कार्य दिवस में खरीदा जा सकता है, जो दिनांक 17.08.2023 को दिन में 12.00 तक सील बन्द लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में जमा करना होगा, टेण्डर के साथ निर्धारित अमानत धनराशि 50000.00 (पचास हजार रू0 मात्र) मत्स्य पालन हेतु तालाब ठेके के लिये जमा करना अनिवार्य होगा। अमानत की धनराशि किसी राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत एफ0डी0आर0 / डिमान्ड ड्राफ्ट जो प्रक्षेत्र प्रबन्धक, राजकीय पषुधन एवं कृषि प्रक्षेत्र नीलगांव, सीतापुर के नाम देय हो के रूप में जमा करना होगा, बिना अमानत धनराशि जमा किये टेण्डर स्वीकार्य नहीं होगें। प्राप्त निविदायें प्रक्षेत्र पर मण्डलीय क्रय–विक्रय परिषद के समक्ष दिनांक 17.08.2023 को अपराह्न 03.00 बजे उपस्थित टेण्डर दाताओं के समक्ष खोले जायेगें। सषर्त कोई निविदा मान्य नहीं होगी। नियम व शर्तें टेण्डर फार्म के साथ उपलब्ध करायी जायेगीं। विस्तृत जानकारी व अन्य शर्तें किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में आकर ज्ञात की जा सकती हैं।

(डॉ0 सुनील कुमार)

**प्रक्षेत्र प्रबन्धक,**

राजकीय पशुधन एवं कृषि प्रक्षेत्र,
नीलगांव – सीतापुर।